## न्यूज ब्रीफ

### आंबेडकर विवि के शताब्दी वर्ष का लोगो व डाक टिकट जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने बुधवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लोगो, स्मारक सिक्का, विशेष डाक टिकट और वाणी पुस्तिका का विमोचन किया।

### जैविक खाद पर सब्सिडी देगी सरकार

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार 7500 गो आश्रय स्थलों को जैविक खाद उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करेगी। इन केंद्रों पर गोबर से बड़े पैमाने पर खाद तैयार कर किसानों को 50 किलो के पैकेट में सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि सरकार गोसंरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती और रोजगार से जोड़ने पर काम कर रही है। जैविक खाद की गुणवत्ता जांच कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र और अधिकृत एजेंसियों से कराई जाएगी।

### धातु के दाग मिटाने आए लाखों के जेवर ले गए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** टाइल, पत्थर और धातुओं पर लगे दाग मिटाने के बहाने शातिरों ने एक घर से लाखों रुपए के गहने साफ कर दिए और फरार हो गए। महिला ने जब गहनों की पोटली फ्रिज से निकाली और खोली तो दंग रह गई। जालसाजों ने सारे आभूषण एक पैकेट में डालकर धर्म पत्नी को दिए व ठंडी जैसी जगह फ्रिज में रखकर थोड़ी देर बाद खोलने के लिए कहा। जब पैकेट खोला तो वह खाली निकला।

### ग्रामीण परिवारों को अब 125 दिन रोजगार : केशव

**लखनऊ, अमृत विचार :** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-जीरामजी अधिनियम, 2025 ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला कदम है। इस कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन वैधानिक मजदूरी रोजगार का अधिकार मिलेगा। यह व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नए कानून से रोजगार अवधि में 25 दिन की बढ़ोतरी होगी। अभी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिन रोजगार मिलता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की सक्रिय भागीदारी से विकास योजनाओं का चयन किया जाएगा।



### बद्री-केदार हेली सेवा के नाम पर 1.17 लाख ठगे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुक कराने के नाम पर एक परिवार से 1.17 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज रुद्रपुर में जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 400 करोड़ के घोटाले में सरगना सहित 5 गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** सीबीआई ने उत्तराखंड के 400 करोड़ से ज्यादा के लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी चिट फंड घोटाले (एलयूसीसी) में सरगना सुशील गोखरू के अलावा राजेन्द्र सिंह बिष्ट, तरुण कुमार मौर्य, गौरव रोहिल्ला और ममता भंडारी समेत पांच आरोपी गिरफ्तार किए हैं। सीबीआई के अनुसार, उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष सोसायटी से संबंधित सभी एफआईआर सीबीआई को ट्रांसफर करने के आदेश के आधार पर सीबीआई ने 26 नवंबर 2025 को सोसायटी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था।

### विजिट माय स्टेट अभियान शुरू करेगी प्रदेश सरकार

**लखनऊ, अमृत विचार :** जयवीर सिंह ने प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने के लिए 'विजिट माय स्टेट' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागीय बैठक में घरेलू पर्यटन, डेस्टिनेशन वेडिंग और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में फैसला लिया गया कि उत्तर प्रदेश के संग्रहालयों में अगले दो माह तक पर्यटकों को निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। साथ ही वाराणसी, आगरा, मथुरा, लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर और अयोध्या के लिए आकर्षक टूर पैकेज तैयार किए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि प्रदेश के हेरिटेज स्थल, किले और ईको टूरिज्म साइट्स डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उपयुक्त हैं।

## कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में नकल रोकने के कड़े इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और डीएम को दिए निर्देश
- 8 से 10 जून तक परीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**अमृत विचार :** प्रदेश में 32,679 पदों पर होने वाली पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए शासन ने कमर कस ली है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्य सचिव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कड़े निर्देश जारी किए। बैठक में एडीजी एस.बी. शिरडकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल के 32,679 पदों पर भर्ती के लिए सभी 75 जिलों के 1180 केंद्रों पर लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी, 28,86,797 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

एसपी गोयल ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी तैनात कार्मिक सत्यापित सरकारी कर्मचारी होंगे और उनकी नियुक्ति शत-प्रतिशत रैंडमाइजेशन के आधार पर की जाएगी। साथ ही, किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल या अन्य गैजेट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। केंद्र प्रभारी पुलिस अधिकारी प्रतिदिन परीक्षा केंद्रों का सैनिटाइजेशन कराएंगे। उपयोग में न आने वाले कक्षों को स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा विधिवत सील किया जाएगा। जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा तिथि से कम से कम 10 दिन पूर्व सभी नामांकित कार्मिकों की सूची भर्ती बोर्ड, पुलिस और प्रशासन के नोडल अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सूची भी इसी अवधि में देनी होगी।



पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल।

## 48 घंटे में 35 एनकाउंटर तीन इनामी बदमाश ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर में मंगलवार को हुए अलग-अलग सात एनकाउंटर

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस विगत 48 घंटे में 35 एनकाउंटर किए। इन एनकाउंटर में दो अलग-अलग स्थानों से तीन इनामी भी ढेर हुए है। एनकाउंटर में घायल आरोपियों का इलाज कराया जा रहा है। सर्वाधिक एनकाउंटर मुजफ्फरनगर जिले में हुए, हालांकि यहां पर किसी आरोपी की मौत नहीं हुई। विगत सप्ताह भी एनकाउंटर हुए थे, जिसमें चार अपराधी ढेर हो गए थे।

गाजियाबाद पुलिस ने एटीएम लूट कांड में आरोपी एवं 50-50 हजार के इनामी जुबेर और समीर को एनकाउंटर में मार गिराया। एनकाउंटर की यह घटना गाजियाबाद में मंगलवार की देर रात हुई। विगत 6 मई को दोनों आरोपियों ने गन प्वाइंट पर कैश वैन में 27 लाख रुपये का डाका डाला था।

तभी से पुलिस दोनों आरोपियों को तलाश रही थी। इसी मामले में समीर का भाई शोएब और फिरोज अभी भी फरार हैं। वहीं मेरठ के थाना अलीपुर, लोहियानगर में हुए मुठभेड़ के दौरान एक लाख के इनामी बदमाश जुबैर की मौत हो गई।

## उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री ने आधी की गाड़ियों की फ्लीट

### प्रधानमंत्री की अपील पर जारी किए गए निर्देश, कहा- राष्ट्रहित सर्वोपरि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रहित में की गई अपील के अनुपालन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपनी सरकारी फ्लीट में शामिल वाहनों की संख्या आधी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार में कई मंत्रियों ने अपनी फ्लीट में वाहनों की संख्या कम कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऊर्जा संरक्षण, विदेशी मुद्रा की बचत और स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए जो आह्वान किया है, उसका पूरी गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इससे ऊपर कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील केवल संसाधनों की बचत का संदेश नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का एक मजबूत संकल्प भी है। उक्त क्रम में ही आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अपनी सरकारी फ्लीट (वाहनों) की संख्या में तत्काल प्रभाव से 50 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है, ताकि ऊर्जा की बचत, पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### विधानसभा की संसदीय समितियों के सभी दौरे रद्द

**लखनऊ :** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर विधानसभा की विभिन्न संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसाधनों के संयमित उपयोग और ईंधन बचत संबंधी अपील के मद्देनजर लिया गया है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, देशहित और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संसदीय समितियों के सभी अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेंगे। विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे द्वारा जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी संसाधनों और व्यवस्थाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### ईंधन बचत का मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने लिया संकल्प

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगेंद्र उपाध्याय ने नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और स्वदेशी अपनाने के आह्वान का समर्थन करते हुए इसे वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के दौर में प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच देश को मजबूती देगी। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत उन्होंने स्वयं सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। साथ ही अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी ई-वाहनों तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक उपयोग करने की अपील की। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि अनावश्यक ईंधन खपत रोकने के लिए अब अधिकांश बैठकों और कार्यक्रमों का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। केवल अत्यंत आवश्यक कार्यक्रमों में ही भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस पहल से ईंधन की बचत के साथ समय और संसाधनों का भी बेहतर उपयोग संभव होगा।

## डीजी ने फंसाया पेच, इस्तीफे पर ही मिलेगी ज्वाइनिंग

वीके सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस के रेडियो विभाग में नियुक्त हुए आरक्षियों के सामने संकट की स्थिति आ गई है। विभाग में नवनियुक्त हुए आरक्षी जब ज्वाइनिंग करने पहुंचे तो डीजी टेलीकाम आशुतोष पांडेय ने यह कहकर वापस कर दिया कि पहले मूल विभाग से इस्तीफा देकर आओ। हालांकि आरक्षी कार्यमुक्ति पत्र लेकर पहुंचे हुए थे, जिसे नहीं माना गया। एसी स्थिति में सैकड़ों आरक्षी डीजीपी से मिलने पुलिस मुख्यालय पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। हालांकि प्रकरण आईजी स्थापना के पास पहुंचा हुआ है, लेकिन स्थापना विभाग फिलहाल मौन है।

गौरतलब हो कि पुलिस के रेडियो विभाग में प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) के 936 पदों की परीक्षा हुई थी। जिसका परिणाम 27 जून 2025 को आया था। इस परीक्षा में पीएसी, कारागार एवं सिविल पुलिस में नौकरी कर रहे 2018, 2019, 2020 और 2021 बैच के तमाम आरक्षियों ने भी परीक्षा दी थी, जिनका चयन हुआ था। इन आरक्षियों ने रेडियो विभाग ज्वाइन करने से पहले अपने मूल विभाग में विभागाध्यक्षों से कार्यमुक्ति का पत्र भी प्राप्त कर लिया है। लेकिन इस पत्र के आधार पर आरक्षियों को रेडियो विभाग में नियुक्ति नहीं दी गई। स्थापना विभाग के एसपी अमृत मिश्रा से मंगलवार को आरक्षियों की मुलाकात हुई थी, जहां उन्हें आश्वासन मिला। बुधवार को पुनः आरक्षी जब पुलिस मुख्यालय पहुंचे तो आईजी स्थापना राजेश मोदक से मुलाकात हुई, हालांकि उन्होंने आश्वासन के अलावा कोई राहत नहीं दी।

- 28 अप्रैल को मुख्यमंत्री ने आरक्षियों को सौंपा था नियुक्ति पत्र

### क्यों इस्तीफा नहीं दे रहे आरक्षी

डीजीपी से मिलने पहुंचे आरक्षी 2018 बैच से लेकर 2021 बैच तक के हैं। इस्तीफा देकर ज्वाइनिंग करने से विगत कार्यकाल की सेवा नहीं जुड़ेगी। दूसरा कारण यह है कि रेडियो विभाग की इन नियुक्तियों से जुड़ी एक रिट हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हाईकोर्ट का फैसला नकारात्मक होने की स्थिति में यह यह आरक्षी मूल विभाग में वापस नहीं हो पाएंगे। एसे में दोनों विभागों से बाहर हो जाएंगे। धारणाधिकार के तहत यह आरक्षी दो वर्ष के अंदर मूल विभाग में वापसी भी कर सकेंगे, लेकिन इस्तीफा देने के बाद कोई वापसी नहीं।

### इंजीनियरिंग संस्थानों को मिलेगी राष्ट्रीय रैंकिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों और तकनीकी विश्वविद्यालयों को नैक, एनआईआरएफ और एनबीए मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि उन्हें राष्ट्रीय रैंकिंग में बेहतर स्थान मिल सके। उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग ने इसके लिए स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क (एसक्यूएफ) लागू किया है। इसके तहत अकादमिक गुणवत्ता, फैकल्टी डेवलपमेंट, रिसर्च आउटपुट, छात्र सुविधाएं और प्लेसमेंट आधारित मूल्यांकन को संस्थागत रूप दिया जाएगा। प्रदेश में 14 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय सहित 771 निजी इंजीनियरिंग व फार्मेसी संस्थानों को एक समान गुणवत्ता ढांचे से जोड़ा जा रहा है। संस्थानों के लिए सेल्फ असेसमेंट प्रोफॉर्मा तैयार किया गया है और उन्हें एसआईआरएफ प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जिससे पारदर्शी मूल्यांकन संभव होगा।

## प्रतीक यादव के फेफड़ों में जमे थे खून के थक्के

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव (39) की बुधवार सुबह विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घर में साक्ष्य संकलित कर कमरा सील कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण 'मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' के कारण कार्डियोरेस्पिरेटरी कोलैप्स आया है। प्रतीक की मौत को लेकर 'पॉइजनिंग' की चर्चा भी शुरू हुई, लेकिन सिविल अस्पताल के निदेशक ने 'पॉइजनिंग' की आशंका से इनकार किया है। डॉक्टर ने ये भी खुलासा किया कि प्रतीक पल्मोनरी एम्बोलिज्म जैसी गंभीर बीमारी से भी पीड़ित थे। इस बीमारी में फेफड़ों की धमनियों में खून के थक्के जम जाते हैं, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति प्रभावित होती है। हाल ही में इसी समस्या के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक, फेफड़ों में जमे थक्कों के कारण उनके हृदय पर लगातार अतिरिक्त दबाव पड़ रहा था। इससे दिल की कार्यक्षमता कमजोर होती चली गई और स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई।

सिविल अस्पताल के निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने बयान जारी कर कहा कि, अस्पताल की ओर से किसी भी प्रकार की 'सस्पेक्टेड पॉइजनिंग' (संदिग्ध जहरखुरानी) की आशंका व्यक्त नहीं की गई है। डॉ. गुप्ता के अनुसार, प्रतीक के निधन की पुष्टि के बाद उनके साथ आए लोग शव एम्बुलेंस से घर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। शव को एम्बुलेंस में रखे जाने के बाद परिजनों और रिश्तेदारों ने पोस्टमार्टम कराने की इच्छा व्यक्त की। इस पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके पश्चात पंचनामा कराकर शव का पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू भेजा गया। डॉ. गुप्ता ने स्पष्ट किया कि अस्पताल ने केवल निर्धारित चिकित्सीय एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है।



विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर भाई प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

### सुबह 4:30 बजे बिगड़ी तबीयत, 5:55 पर मृत घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रतीक यादव पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे थे। प्रतीक की पत्नी अपर्णा यादव उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। गुलिस्ता कॉलोनी निवासी अपर्णा के भाई चंद्रशेखर सिंह बिष्ट ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे प्रतीक की तबीयत बिगड़ी। वह पानी पीने के लिए किचन में गए और वहीं पर गिर पड़े। चालक ने चंद्रशेखर को फोन करने के बाद सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचकर जानकारी दी। चालक इमरजेंसी से डॉक्टर को लेकर घर पहुंचा। डॉक्टर ने प्रतीक की जांच की। हालत सही न होने पर एंबुलेंस से उन्हें श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। ईसीजी समेत दूसरी जांच की। डॉक्टरों ने 5:55 बजे प्रतीक को मृत घोषित कर दिया। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण डॉक्टरों ने शासन स्तर पर और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल, एसओ गौतमपल्ली विपिन सिंह अस्पताल पहुंच गए।

#### असम में थीं अपर्णा

घटना के समय प्रतीक की पत्नी अपर्णा घर पर नहीं थी। वह कुछ दिनों से असम में थी। पति की मौत की सूचना मिलते ही वह लखनऊ के लिए रवाना हुईं। दोपहर करीब दो बजे अपर्णा घर पहुंची। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस से प्रतीक का शव साले परिजन के सुपुर्द किया गया। उसके बाद परिजन शव लेकर विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे।



प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### योगी ने दी श्रद्धांजलि, भाजपा का प्रदर्शन स्थगित

**लखनऊ, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को जिला स्तर पर महिला कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया। पार्टी ने यह निर्णय भाजपा नेता एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के असामयिक निधन के बाद लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव के निधन पर उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार के लिए बड़ा आघात है।

यादें — गम में डूबे पैतृक गांव के लोग, आवास पर पसरा सन्नाटा

## आखिरी बार आर्यन की शादी में सैफई गए थे प्रतीक

संवाददाता, सैफई/इटावा

**अमृत विचार:** मुलायम सिंह यादव के पुत्र प्रतीक यादव के निधन से सैफई में गम पसर गया। सैफई स्थित अखिलेश यादव के आवास पर दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह ही परिवार के ज्यादातर सदस्य, करीबी रिश्तेदार, समर्थक और गांव के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लखनऊ रवाना हो गए।

ग्रामीणों के अनुसार प्रतीक यादव का गांव और परिवार से आत्मीय जुड़ाव रहा। वह समय-समय पर सैफई आते रहते थे और परिवार के कार्यक्रमों में शामिल होते थे। विवाह, तिलक और सामाजिक आयोजनों में उनकी मौजूदगी अक्सर देखने को मिलती थी। गांव आने पर वह परिवार के लोगों और परिचितों से सहजता के साथ मिलते थे। प्रतीक यादव आखिरी बार नवंबर 2025 में सैफई आए थे। वह मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल यादव के पुत्र आर्यन यादव के विवाह समारोह में शामिल हुए थे। उस दौरान उनके साथ पत्नी अपर्णा यादव और दोनों बेटियां भी मौजूद थीं। शादी समारोह में उन्होंने परिवार के लोगों के साथ काफी समय बिताया था। कार्यक्रम स्थल पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से आशीर्वाद लेते उनकी तस्वीरें और वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। परिवार से जुड़े लोगों का कहना है कि साधना गुप्ता का निधन भी लखनऊ में हुआ था और उनका अंतिम संस्कार भी वहीं किया गया था। प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार भी लखनऊ में ही होगा।

प्रतीक के निधन पर जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, वीरू भदौरिया, गोपाल यादव, राजीव यादव, सर्वेश शाक्य, फुरकान अहमद, लाखन सिंह जाटव, रामनाथ यादव आदि ने श्रंद्धाजलि अर्पित की।



आर्यन की शादी में अखिलेश यादव के साथ प्रतीक, अपर्णा और अन्य। (फाइल फोटो)

### निधन पर भावुक हुए ग्राम प्रधान रामफल

- सैफई परिवार से जुड़े प्रतीक यादव के निधन की खबर के बाद सैफई में अखिलेश यादव के आवास के बाहर ग्राम प्रधान रामफल बाल्मीकि मीडिया से बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि प्रतीक यादव का स्वभाव बेहद सरल और मिलनसार था और उनका सैफई परिवार से गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने प्रतीक यादव से जुड़ी पुरानी यादें साझा कीं और बात करते-करते उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने कहा कि यह खबर सिर्फ परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे सैफई के लिए बड़ी क्षति है। बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों के बीच यही चर्चा बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेताजी परिवार से जुड़े किसी भी बड़े घटनाक्रम का सीधा असर सैफई में दिखाई देता है।

## प्रतीक ने बिल्डर पर दर्ज कराई थी धोखाधड़ी, रंगदारी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पॉक्सो एक्ट में फंसाने की दी थी धमकी, वॉयरल की थी फर्जी ऑडियो

**अमृत विचार:** पूर्व सीएम के भाई प्रतीक यादव ने 13 जुलाई 2025 को गौतमपल्ली थाने में धोखाधड़ी और चार करोड़ की रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। प्रतीक ने अपनी रिपोर्ट में रियल एस्टेट कंपनी मोनल इंफ्रा के निदेशक कृष्णानंद पांडेय, उनकी पत्नी वंदना पांडेय और अशोक पांडेय के पर आरोप लगाया था। आरोप था कि रंगदारी न देने पर कृष्णानंद ने मेल व व्हाट्सएप पर उन्हें पॉक्सो एक्ट के फर्जी मामले में फंसाने की धमकी भी दी थी। यही नहीं आरोपियों ने उन्हें बदनाम करने के लिए एडिट कर बनायी गयी ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल की थी।

प्रतीक ने बताया था कि आरोपी कृष्णानंद पांडेय चिनहट के चक मल्हौरी पूर्वांचल सिटी का रहने वाला है। वर्ष 2011-12 में मुलाकात हुई थी। कृष्णानंद ने दोस्ती की। उसके बाद मुनाफे का लालच देकर शहीद पथ किनारे भूमि खरीदने के लिए राजी किया था। हामी होने पर आरोपी ने रियल एस्टेट कंपनी मोनल इंफ्रा बनाई। प्रतीक का कहना था कि कृष्णानंद ने उन्हें प्रमोटर बना कर निवेश करने को कहा था। इसके अलावा वह अन्य कार्य के लिए खुद निदेशक बन गया।

कृष्णानंद के कहने पर काफी निवेश किया। इसके साथ ही आरोपी ने अन्य मदों के नाम पर काफी रुपये लिए। वर्ष 2020 में कोविड होने के कारण बीमार हो गए।

न्यूज ब्रीफ

## प्रधान पति को दी जान से मारने की धमकी

**आंवला अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी प्रधान पति प्रेमपाल ने प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह बुधवार को शाम को बाहर से गांव लौटा तो आरोपीयों ने जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए 10हजार रुपये निकाल लिए ।पीड़ित ने शिकायत दर्ज करने की मांग की है ।

## भाई ने मारपीट कर दंपति का पैर तोडा

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कुइयां रामपुर के हरपाल के घर पर रात नौ बजे छोटे भाई करन ने धाबा बोलकर गाली गलौज कर संपत्ति के बंटवारे की बात करने लगा।हरपाल ने गालियां देने से मना किया तो करन ने भारी चीज से प्रहार कर पैर तोड़ दिया।उन्हें बचाने आई पत्नी को भी पीट दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी ।

## प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग, ज्ञापन

**क्योलड़िया अमृत विचार :** भदपुरा ब्लॉक के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने पंचायत चुनाव जल्द कराने तथा वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर बुधवार को रविशंकर गंगवार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राम प्रताप गंगवार, राजेंद्र प्रसाद, तुलाराम वर्मा, त्रिवेंद्र कुमार, रफीक अहमद, सर्वेश कुमार, जुल्फिकार खां, सतपाल, सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## बैंक में युवक से 15 हजार की ठगी

**नवाबगंज अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक शाखा नवाबगंज में युवक से 15 हजार रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला नया अस्पताल निवासी शरीफ अहमद पुत्र रफीक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार दोपहर अपनी पत्नी के साथ बैंक शाखा में 15 हजार रुपये जमा करने गया था। आरोप है कि बैंक के अंदर एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रुमाल में बंधे कागज थमा दिए और बातों में उलझाकर उसके 15 हजार रुपये लेकर फरार हो गया ।शरीफ अहमद ने बताया कि जब उसने रुमाल खोलकर देखा तो उसमें सादे कागज निकले।बाहर देखा आरोपी का कोई पता नहीं चल सका।

# अदिति और अभि बहेड़ी टॉपर

## मिशन एकेडमी और नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

संवाददाता, बहेड़ी


अदिति।


अभि।

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड के 12 वीं क्लास के रिजल्ट में मिशन एकेडमी और नेशनल पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स का दबदबा रहा। कॉमर्स ग्रुप में मिशन एकेडमी की स्टूडेंट अदिति ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर तहसील टॉप किया, तो नेशनल पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट अभी ने विज्ञान वर्ग में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉप किया।गॉडविन पब्लिक स्कूल में उमरा ने विज्ञान वर्ग में 90 और कॉमर्स वर्ग में भूमी गुप्ता ने 90 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया।

मिशन एकेडमी में 12 वीं क्लास का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा।मिशन की स्टूडेंट अदिति ने शानदार प्रदर्शन किया, और कॉमर्स वर्ग में 95 प्रतिशत नम्बर हासिल किए।मिशन की छात्रा समन. ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में दूसरा स्थान हासिल किया।छात्र सुमित ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में तीसरी पोजीशन बनाई।

मिशन एकेडमी के मैनेजर एम एस गंगवार , एमडी शेखर गंगवार ने कहा कि रिजल्ट स्टूडेंट्स की मेहनत और लगन व टीचर्स के अच्छे मार्गदर्शन का नतीजा है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वैभव गंगवार , प्रिंसिपल चंद्र शेखर गंगवार ने सफल स्टूडेंट्स से लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

## बी डी एम का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर गौरवपूर्ण उपलब्धि

**मीरगंज, अमृत विचार :** बी डी एम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12 परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।विज्ञान वर्ग में छात्र बादल तिवारी ने कुल 85% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा जीव विज्ञान में 94% अंक अर्जित किए। देव ने कुल 84 .4% अंक प्राप्त किए तथा रसायन विज्ञान में 90% और अंग्रेज़ी में 91% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। श्रष्टि मिश्रा ने 81% अंक प्राप्त किए तथा शारीरिक शिक्षा एवं अंग्रेज़ी विषय में 92% अंक हासिल किए। देव गुप्ता ने 80 .2% अंक प्राप्त किए। शौर्य प्रताप कौशिक ने कुल 74 .2% अंक प्राप्त किए तथा शारीरिक शिक्षा में 91% अंक अर्जित किए। अशप्रीत कौर ने कुल 72% अंक प्राप्त किए तथा जीव विज्ञान में 90% अंक हासिल किए।वाणिज्य वर्ग में आकृति गुप्ता ने कुल 80% अंक प्राप्त किए तथा अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय अध्ययन में 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। बादल तिवारी विद्यालय के टॉपर रहे। देव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा श्रष्टि मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।विद्यालय के चेयरमैन रमेश चन्द्र मिश्रा ने इस उपलब्धि पर टॉपर्स एवं उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय के निदेशक अचल मिश्रा एवं प्रधानाचार्या डॉ चारु खन्ना ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## घर के बाहर बंधे पशु खोलकर ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा

संवाददाता, फरीदपुर,

**अमृत विचार :** नगर में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। आदित्य प्रताप मिश्रा निवासी मोहल्ला परा के घर के बाहर गाय और भैसे बधी हुई थी। एक अज्ञात व्यक्ति बंधी 4 भैस और 3 गाय खोलकर ले जाने लगा। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह व्यक्ति जानवरों को छोड़कर भागने लगा। इस पर मोहल्ले के लोग इकट्ठे हो गए और दौड़कर व्यक्ति को पकड़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया।पूछताछ करने पर उसने अपना नाम वीर सिंह कलीनगला थाना फरीदपुर बताया जबकि उसने बताया कि मेरे दो साथी भाग गए है। आदित्य ने पकड़े गए आरोपी वीर सिंह के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



पकड़ा गया पशु चोर।

## इंटरमीडिएट के होनहार


अनुराग 90% मिशन पब्लिक स्कूल नवाबगंज


वंशिका 86% मिशन पब्लिक स्कूल नवाबगंज


मो . अयान 93% केंद्रीय विद्यालय प्रथम कैंट


अर्चित 94 .4 % पदमावती एकादमी


समन 91 % मिशन एकेडमी, बहेड़ी


सुमित, 90 % मिशन एकेडमी, बहेड़ी


उमरा ,90% गॉडविन पब्लिक स्कूल


सुबेबा, 88% गॉडविन पब्लिक स्कूल


भूमि ,90 % गॉडविन पब्लिक स्कूल


प्रभुजोत 81 % गॉडविन पब्लिक स्कूल


कशिश 84% नेशनल पब्लिक स्कूल


खेमांशी 85 % नेशनल पब्लिक स्कूल


मनजोत 91 % नेशनल पब्लिक स्कूल


उपाधि, 85 % नेशनल पब्लिक स्कूल


माही 84 % नेशनल पब्लिक स्कूल


रजिका फातिमा 88 % नेशनल पब्लिक स्कूल


अगरिमा 93 प्रतिशत सेक्रेट हार्ट स्कूल


अंश अग्रवाल 96 .6 प्रतिशत सेक्रेट हार्ट स्कूल


अक्षरा गुप्ता 93 .6 प्रतिशत सेक्रेट हार्ट स्कूल


भाविका गुप्ता 93 .6 प्रतिशत सेक्रेट हार्ट स्कूल

# खेल-खेल में स्कूली शिक्षा के लिए तैयार होंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **फरीदपुर में कार्यक्रम शुरु बिथरी मे 15 जून से होगी नई मुहिम**

**अमृत विचार :** जिले में छोटे बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्कूल रेडीनेस मेला' शुरू किया जा रहा है। यह अभियान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से फरीदपुर और बिथरी चैनपुर ब्लॉक में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को खेल-आधारित गतिविधियों के जरिए स्कूली शिक्षा के लिए मानसिक और शैक्षिक रूप से तैयार करना है।

सीडीओ देवयानी ने बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में फरीदपुर ब्लॉक में 12 से 16 मई तक कार्यक्रम चल रहा है जबकि बिथरी चैनपुर में 16 से 21 मई तक मेले लगाए जाएंगे। इसके बाद स्कूल खुलने से पहले 15 जून से 20 जून तक दोनों ब्लॉकों में दूसरा मेला आयोजित किया जाएगा।

मेले में आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां बच्चों को खेल-खेल में भाषा, गणित और सामाजिक व्यवहार से जुड़ी गतिविधियां सिखाई जाएंगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में बच्चे शिक्षा के शुरुआती गुर सीखेंगे।

अभियान की खास बात यह है कि इसमें अभिभावकों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पहले मेले के बाद माता-पिता को व्हाट्सएप के जरिए घर पर बच्चों के साथ करने वाली गतिविधियां भेजी जाएंगी। दूसरे मेले में बच्चों की प्रगति का रिपोर्ट कार्ड साझा कर उनके सीखने के स्तर का उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सुपरवाइजरों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है।

# शेरगढ़ में घर के बाहर लगा ट्रांसफार्मर, परेशानी


घर के बाहर लगाए ट्रांसफार्मर हटवाने के लिए ग्रामीण ने एक बार फिर डीएम को पत्र भेजा है। ● अमृत विचार

संवाददाता, शेरगढ़,

- **बच्चों के खेलने के समय हर समय बना रहता है खतरा**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जशनपुर मे बाउंड्री के अंदर लगा विद्युत ट्रांसफार्मर परिवार को समस्या बना हुआ है। बाउंड्री के अंदर ट्रांसफार्मर लगा होने से परिवार को हर समय खतरा बना रहता है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से ट्रांसफार्मर अन्यत्र शिफ्ट कराने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव जशनपुर निवासी ओमप्रकाश ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि उनकी निजी भूमि में बाउंड्री के अंदर ट्रांसफार्मर लगा है यहीं पर उसका परिवार रहता है । बच्चे आदि भी खेलते रहते हैं। जिससे हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

ट्रांसफार्मर हटवाने के लिए अधिकारियों को कई मर्तबा प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं हटाया जा सका है। विभाग के जेई शमशुल इस्लाम ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले को दिखवाया जाएगा ।

# महिला ने चार माह के बेटे को बेचने का लगाया आरोप

संवाददाता,नवाबगंज।

- **एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई**

**अमृत विचार :** एक महिला ने अपने पति पर चार माह के बेटे को बेच देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जाता है कि क्षेत्र के गांव सरदार निवासी सोमपाल ने अपना नाम रहमान बताकर जनपद मऊ की एक युवती से करीब तीन वर्ष पूर्व शादी की थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद उसे पति की वास्तविक पहचान की जानकारी हुई, जिसके बाद वह मायके लौट गई थी।

महिला ने बताया कि मायके में ही उसने एक पुत्र को जन्म दिया। आरोप है कि करीब एक माह पहले उसका पति अपने साथी कपिल के साथ उसे और बच्चे को वापस ले जाने के लिए आया था। महिला के अनुसार बरेली रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद उसका पति बच्चे को सामान दिलाने की बात कहकर अपने साथ ले गया और फिर वापस नहीं लौटा।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने चार माह के बेटे को तीन लाख रुपये में बेच दिया है। महिला ने इस संबंध में एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बच्चे को बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महिला का कहना है कि उसने एक माह पहले भी पुलिस से बेटे को वापस दिलाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पुलिस ने महिला को थाने बुलाकर मामले की जानकारी ली है।

# किसान अड़े - धरना स्थल पर ही होगी डीएम से वार्ता

संवाददाता, बहेड़ी


बहेड़ी में केसर चीनी मिल के बाहर धरना दे रहे भाकियू नेताओं से वार्ता करते गन्ना अधिकारी।

- **डीएम के निर्देश पर किसानों से वार्ता करने गये थे जिला गन्न अधिकारी**
- **भाकियू पदाधिकारी 11 मई से बेमियादी धरना पर बैठे हैं**

**अमृत विचार :** गन्ना मूल्य का भुगतान करने की मांग को लेकर भाकियू का केसर मिल गेट पर चल रहा धरना तीसरे दिन भी जारी रहा।ज़िला गन्ना अधिकारी आज किसानों से वार्ता के लिए धरना स्थल पर पहुंचे,लेकिन बात बन नहीं पाई। किसानों ने जिलाधिकारी से धरना स्थल पर बात करने की शर्त रख दी।

ज़िला गन्ना अधिकारी, तहसीलदार बहेड़ी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर वह यहाँ आए हैं। ज़िला गन्ना अधिकारी ने डीएम का संदेश किसानों को बताया। उन्होंने बताया कि किसानो के प्रतिनिधिमंडल से जिलाधिकारी बात करना चाहते हैं। डीसीओ ने किसानों से डीएम से मिलकर अपनी बात रखने का अनुरोध किया।

किसान नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल भेजे जाने की बात मानने से इंकार कर दिया। किसान नेताओं ने कहा कि जिलाधिकारी से धरना स्थल पर ही वार्ता हो सकती है,और उनके किसी ठोस आश्वासन पर ही विचार किया जाएगा। किसान नेताओं ने साफ तौर पर बता दिया कि जिलाधिकारी कब तक पैसा दिलाएंगे,और इस साल का बकाया तुरंत दिलाने का आश्वासन दें, तो किसान उस पर विचार कर निर्णय लेगा। किसानों के रुख को जानकर डीसीओ वापस हो गए।

धरने पर आज राजेश कुमार गुप्ता, कुलबीर राठी, चौधरी जगत सिंह, राशिद खान, अहमद रिजवान,यामीन मलिक, धीरेंद्र राठी, मुन्ना लाल पटेल, करीम सैफी,पंकज चौधरी,उमाशंकर,ब्रह्म स्वरुप शर्मा व नारायण दास तिवारी आदि बैठे।

# नकली मोबाइल , चार्जर फैक्ट्री पकड़ी

संवाददाता, भोजीपुरा,


मोबाइल चार्जर फैक्ट्री से बरामद सामान के साथ पकड़े गये आरोपी। ● अमृत विचार

- **भोजीपुरा पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है**

**अमृत विचार :** पुलिस ने नकली मोबाइल चार्जर बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा मे सामान व चार्जर बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है।

पुलिस ने भोजीपुरा के नैनीताल हाइवे किनारे गांव दोहरिया पचदौरा में एक सूचना पर मंगलवार की रात फरमान के घर में छापा मारा। फरमान के मकान की छत पर मोबाइल चार्जर बनाने का काम होते रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने फरमान निवासी दोहरिया पचदौरा व उवैस निवासी रतना चुन्नीलाल भोजीपुरा को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मौके से सैमसंग के 52 कीपैड मोबाइल , मोबाइल की 165 बाडी, 52 खराब मोबाइल, 85 मोबाइल मदरबोर्ड , पुराने 44 मोबाइल, 18 टेबलेट ,यूएसबी केबल रेपर वन पल्स केबल रेपर 200, अर्धनिर्मित सुपर डाट एडाप्टर 365, एम आई के पैकिंग कवर, 632,डाटा केबल सी/वी टाइप 700, बरामद किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# सैफनी में अनियमितताओं पर ईओ को शासन का नोटिस

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी,

- **फतेहगंज पश्चिमी में तैनात है अधिशासी अधिकारी**
- **मंडलायुक्त मुरादाबाद की जांच आख्या के बाद हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** रामपुर की नगर पंचायत सैफनी में चेयरमैन फैजान खान और तत्कालीन ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर के द्वारा की गई अनियमिताओं पर मंडलायुक्त मुरादाबाद द्वारा भेजी जांच आख्या पर शासन ने ईओ और चेयरमैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जानकारी के मुताबिक रामपुर की नगर पंचायत सैफनी के सभासद चंद्रपाल आदि ने 19 जनवरी को मुरादाबाद मंडलायुक्त से नगर पंचायत के विकास कार्य आदि में चेयरमैन फैजान खान और ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर के द्वारा की गई अनियमिताओं को लेकर शिकायत की थी।

त्रिस्तरीय टीम के द्वारा स्थलीय जांच करने पर आरोप सही पाए गए थे। जिसकी रिपोर्ट आयुक्त ने 16 फरवरी को शासन को भेजी थी। जांच आख्या के अनुसार अब विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल ने चेयरमैन फैजान खान,तत्कालीन ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर,लिपिक आदि के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ईओ का फतेहगंज पश्चिमी में व्यापारी नेता से भी विवाद हो चुका है।


SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
SSVGI
17 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE
A LEGACY OF TRUST A FUTURE OF SUCCESS
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
SSVSN | GNM • ANM
SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
CAREER-FOCUSED EDUCATION
BEST PLACEMENT IN THE REGION
HIGH-TECH ACADEMIC INFRASTRUCTURE
HIGHLY EXPERIENCED FACULTY
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheet Chauraha, Bareilly



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines
• Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
• Faculty of Pharmacy
• Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
• Faculty of Management
Application Fee
■ For Indian Candidate Rs. 2000/-
■ NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्म के मामले में केंद्रीय मंत्री संजय कुमार का बेटा फरार

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार का बेटा भगीरथ पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में पूछताछ के लिए बुधवार को पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुआ। पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न मामले में भगीरथ को पूछताछ के लिए तलब किया था। उसके खिलाफ यहां पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कई टीम भगीरथ की तलाश में छापे मार रही हैं। मंगलवार को भगीरथ को नोटिस भेजकर उसे 13 मई को पेट बशीराबाद थाने में पेश होने को कहा गया था।

### बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हुआ निजी कंपनी का प्रशिक्षण विमान

**पुणे।** एक निजी कंपनी का प्रशिक्षण विमान बुधवार सुबह तकनीकी खराबी आने के बाद महाराष्ट्र में पुणे जिले की बारामती हवाई पट्टी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बारामती हवाई पट्टी के निकट स्थित गोजुबावी गांव के पास सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर हुई इस घटना के बाद विमान में सवार एकमात्र प्रशिक्षु पायलट सुरक्षित बाहर आ गया। विमान रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी का था, जो बारामती हवाई पट्टी के समीप विमानों का संचालन करती है। कंपनी ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पुणे : अस्पताल के अंदर आईईडी बरामद एटीएस जांच में जुटी

**पुणे।** पुणे के हडपसर इलाके में एक निजी अस्पताल में बुधवार को कम श्रेणी का एक विस्फोटक उपकरण बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने तुरंत मौके पर जाकर उसे पास के मैदान में ले जाकर निष्क्रिय कर दिया। पुलिस आयुक्त ने बताया, आतंकवाद सहित सभी संभावित कोणों से मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल के एक डॉक्टर ने यह संदिग्ध वस्तु देखी थी, जिसमें डिजिटल घड़ी जैसा उपकरण लगा हुआ था।

# नीट यूजी पेपर लीक पर देश भर में तेज हुए प्रदर्शन, प्रधान के इस्तीफे की मांग

## एफएआईएमए ने लगाया सिस्टम की विफलता का आरोप, सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीट यूजी पेपर लीक के बाद परीक्षा को रद्द किए जाने के मामले में देश भर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला तेज होने के साथ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग ने भी जोर पकड़ लिया है। इस बीच, नीट यूजी 2026 परीक्षा के संचालन में प्रणालीगत विफलता का आरोप लगाते हुए ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन फेडरेशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और परीक्षा प्रणाली में सुधार का अनुरोध किया है।

देश भर में बुधवार को विरोध प्रदर्शन हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कई राज्यों में प्रदर्शन किया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पुतले जलाने के साथ उनके इस्तीफे और पेपर लीक की जेपीसी से जांच कराने की मांग की। एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और आइसा समेत कई राजनीतिक दलों के छात्र संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन किया और प्रधान के इस्तीफे की मांग की। एबीवीपी और एसएफआई के सदस्यों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ नारे लगाते हुए एबीवीपी के प्रदर्शनकारियों ने अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन में अधिक पारदर्शिता लाने की मांग की।

स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित नीट यूजी 2026 की परीक्षा पेपर लीक के बाद मंगलवार को रद्द कर दी गई। इससे 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी और उनके परिवार अनिश्चितता की स्थिति में हैं। इसकी जांच अब सीबीआई कर रही है। इस बीच, ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन फेडरेशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर परीक्षा प्रणाली में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षा ढांचे में पूर्ण बदलाव का अनुरोध किया है, जिसमें एनटीए को स्वायत्त निकाय से प्रतिस्थापित करना भी शामिल है। यह भी अनुरोध किया है कि वह 2026 की पुनः परीक्षा की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय निगरानी समिति का गठन करे, जिसमें साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हों।



पेपर लीक के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन करते एनएसयूआई कार्यकर्ता।


कानपुर में विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं से पुलिस की नोकझोंक।

### नीट खत्म करें, राज्यों को 12वीं के अंकों के आधार पर मेडिकल सीटें भरने दें : विजय

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने केंद्र की भाजपा सरकार से नीट परीक्षा खत्म करने की अपील की। उन्होंने मांग की कि राज्यों को 12वीं बोर्ड के अंकों के आधार पर मेडिकल सीटें भरने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि नीट लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों, सरकारी स्कूलों, तमिल माध्यम और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के छात्रों को भारी नुकसान हुआ है। इसी का हवाला देते हुए उन्होंने नीट को खत्म करने की राज्य की पुरानी मांग को फिर दोहराया। उन्होंने मांग की कि राज्यों को एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष पाठ्यक्रमों की सभी राज्य कोटा सीटें कक्षा 12वीं के अंकों के आधार पर भरने की अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षा रद्द होने से देश भर के लाखों मेडिकल उम्मीदवारों की उम्मीदें टूट गई हैं। यह पहली बार नहीं है जब नीट की शुचिता से समझौता किया गया है।

# सीबीआई ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार

- लैपटॉप मोबाइल कब्जे में लिए, एनटीए मुख्यालय से भी दस्तावेज जुटाए, पुणे से महिला हिरासत में

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में जयपुर, गुरुग्राम और नासिक से अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, इसके अलावा पुणे में पुलिस ने एक महिला को भी हिरासत में लिया है, जिसे सीबीआई को सौंपने की तैयारी हो रही है। इसके साथ, देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन गिरफ्तारियों के साथ नीट यूजी पेपर लीक का मामला देश के कई राज्यों में फैलता दिखाई देने लगा है।

सीबीआई ने जयपुर से मंगीलाल बिंवाल, विकास बिंवाल और दिनेश बिंवाल, गुरुग्राम से यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। 46 वर्षीय मनीषा वाघमारे को हिरासत में लिया गया है। पुणे से अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न शहरों में कई अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें बाद में गिरफ्तार किया जा सकता है। सीबीआई ने संदिग्धों से मोबाइल फोन और लैपटॉप सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा ताकि उन मेसेजिंग ऐप का पता लगाया जा सके जिनका इस्तेमाल प्रश्न पत्रों को भेजने के लिए किया गया हो। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को दिल्ली ले जाया जा रहा है।

पुणे पुलिस के अनुसार हिरासत में ली गई महिला मनीषा छात्रों को घोटाले के मुख्य आरोपियों से जोड़ने का काम करती थी। संदेह है कि वह नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में पहले गिरफ्तार किए जा चुके धनंजय लोखंडे की मददगार है। सीबीआई की टीम ने बुधवार को एनटीए मुख्यालय का भी दौरा किया जहां उसने नीट यूजी परीक्षा से संबंधित दस्तावेज एकत्र किए। इसके अलावा, अलग-अलग राज्यों में पुलिस भी मामले की छानबीन कर रही है। महाराष्ट्र के लातूर जिले में पुलिस ने नीट यूजी के प्रश्न पत्र लीक के संबंध में कोचिंग कक्षा के कर्मचारियों सहित छह लोगों से पूछताछ की है। लातूर शहर कोचिंग के केंद्र के रूप में जाना जाता है और पूरे महाराष्ट्र से छात्र कोचिंग के लिए यहां आते हैं।

### आरोप : भाजपा का पदाधिकारी है आरोपी दिनेश बिंवाल

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर दावा किया, नीट पेपर लीक में गिरफ्तार आरोपी दिनेश बिंवाल भाजपा का पदाधिकारी है। गहलोत ने दिनेश के एक पोस्टर की तस्वीर पोस्ट की जिसमें उसे जयपुर ग्रामीण में भाजयुमो के जिला सचिव के रूप में दिखाया गया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने दावा किया कि आरोपी दिनेश बिंवाल और मंगीलाल बिंवाल को भाजपा नेताओं और मंत्रियों के साथ देखा गया है। उन्होंने इसके लिए तीन लाख रुपये दिए और जानकारी लीक की। कहा जा रहा है कि उनके दिल्ली के शिक्षा मंत्रालय से भी संबंध हो सकते हैं। भाजपा की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि बिंवाल के पास पार्टी में कोई पद नहीं है।

### गिरफ्तार आरोपी ने बड़े लोगों को बचाने का आरोप लगाया

**जयपुर।** जयपुर में नीट यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए एक आरोपी ने आरोप लगाया कि इस माामले में बड़े लोगों को बचाया जा रहा है। बुधवार शाम सीबीआई ट्रांजिट रिमांड लेकर जब आरोपी को दिल्ली ले जा रही थी, तभी मीडिया ने वाहन में बैठे आरोपियों से बात करने की कोशिश की। उनमें से एक ने कहा, बड़े लोगों को बचाया जा रहा है, आम आदमी को परेशान किया जाता है।

### पेपर लीक रोकने लिए सड़कों पर उतरे जेन जी : केजरीवाल

- नेपाल-बांग्लादेश में सरकार बदल सकते हैं तो यहां दोषी नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकते

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि कि पेपर लीक जैसे घिनौने खेल को बंद करने के लिए देश के जेन जी को सड़कों पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना पड़ेगा। वर्चुअल संवाद में केजरीवाल ने नेपाल और बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए युवाओं से कहा कि जब वहां जेन जी अपनी सरकार बदल सकते हैं तो हमारे देश का जेन जी पेपर लीक कराने में शामिल मंत्रियों-नेताओं को जेल क्यों नहीं भिजवा सकता। हर बार पेपर लीक की जांच सीबीआई को सौंप दी जाती है, लेकिन आजतक किसी को सजा नहीं मिली। इस बार भी कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने सवाल किया कि ज्यादातर पेपर लीक भाजपा शासित राज्यों में क्यों होते हैं, क्या इस घिनौने खेल में भाजपा के नेता सीधे तौर पर शामिल हैं। कुछ लोग सिस्टम फेल होने की बात करते हैं, लेकिन वे लोग ऐसा कहकर अनजाने में पेपर लीक में शामिल टॉप पर बैठे व्यक्ति को बचा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह देश युवाओं का है। इन नेताओं को इस देश में कोई दिलचस्पी नहीं। इनके बच्चे विदेशों में पढ़ते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि देश के एक बड़े नेता ने कभी कहा था कि जरूरत पड़ी तो झोला उठाकर चला जाऊंगा, लेकिन हम कहां जाएंगे, हमारा परिवार तो इसी देश में रहता है। इसलिए हमें और युवाओं को मिलकर ही इस देश को बचाना होगा।

# हिमंत के सभी पांच मंत्री करोड़पति एक पर आपराधिक मामला भी

**एडीआर रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार असम में शपथ लेने वाले सभी पांच मंत्री करोड़पति हैं, जबकि इनमें एक पर आपराधिक मामला भी दर्ज है।

हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ ही भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नियोग, अगप के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के चरण बोरो समेत चार विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोरा के हलफनामे के मुताबिक उनके खिलाफ एक आपराधिक मामला दर्ज है जो आईपीसी की धारा 409 के तहत आपराधिक विश्वासघात से संबंधित है। सभी पांचों मंत्री करोड़पति हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के पास सबसे अधिक 35 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है, जबकि उन्होंने 16 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां भी घोषित की हैं। पांचों मंत्रियों की औसत संपत्ति 10.99 करोड़ रुपये है। एक मंत्री ने अपनी शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा तक बताई है, जबकि बाकी चार मंत्रियों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता बताई है।

# असम में लागू होगा यूसीसी, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

- नवगठित विधानसभा के पहले सत्र में पेश होगा विधेयक

**दिसपुर, एजेंसी**

असम मंत्रिमंडल ने बुधवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) असम 2026 विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में इसके अलावा कई और अहम फैसले लिए गए।

यूसीसी विधेयक को आगामी 16वीं असम विधानसभा के पहले सत्र में पेश किया जाएगा। यह कानून विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील मामलों में सभी निवासियों के लिए समान नियम स्थापित करेगा। सरकार ने हालांकि स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जनजातियों और आदिवासी समुदायों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है, ताकि उनकी विशिष्ट परंपराएं सुरक्षित रह सकें।

राज्य सरकार का यह कदम मौजूदा धर्म आधारित व्यक्तिगत कानूनों की जगह एक साझा कानूनी ढांचा तैयार करेगा। इससे कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित होगी। इस विधेयक के माध्यम से आधुनिक पारिवारिक संरचनाओं और विभिन्न रीति-रिवाजों को भी परिभाषित कर कानूनी मान्यता दी जाएगी।

### अगले छह महीने तक नई गाड़ी की खरीद नहीं

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री की अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए कड़े 'मितव्ययिता उपाय' लागू किये हैं। अगले छह महीनों तक सरकार कोई भी नयी गाड़ी या विदेशी सामान नहीं खरीदेगी, साथ में मंत्रियों एवं अधिकारियों की सभी आधिकारिक और निजी विदेश यात्राओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरकारी गाड़ियों के ईंधन खर्च में 20 प्रतिशत की कटौती की जाएगी और सुरक्षा काफिलों के आकार को भी छोटा किया जाएगा। इसके अलावा, सभी बैठकों और सेमिनारों को छह महीने के लिए वर्चुअल मोड पर किया जाएगा। भविष्य में सरकार केवल इलेक्ट्रिक वाहन ही किराये पर लेगी और पुरानी गाड़ियों को हटाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

# टीसीएस मामले की आरोपी के शरणदाता एआईएमआईएम नेता के घर पर चला बुलडोजर

**छत्रपति संभाजीनगर।** छत्रपति संभाजीनगर महानगरपालिका ने बुधवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्षद मतीन पटेल के आवास और संपत्तियों पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मतीन पटेल पर नासिक टीसीएस मामले की आरोपी निदा खान को शरण देने का आरोप है।

निदा खान को सात मई को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि एआईएमआईएम नेता मतीन पटेल ने उसे अपने यहां शरण दी थी। नौ मई को छत्रपति संभाजीनगर महानगरपालिका ने शहर के नारेगांव इलाके में स्थित पटेल की संपत्तियों पर अवैध निर्माण को लेकर नोटिस जारी किया था। नोटिस में उनसे 72 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसमें कहा गया था कि यदि पटेल की ओर से जवाब नहीं दिया गया, तो महानगरपालिका संपत्ति के संबंध में निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। पटेल ने स्थगन आदेश के लिए अदालत का रुख किया, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। महापौर समीर राजुरकर ने बताया कि बुधवार सुबह महानगरपालिका के कर्मचारियों ने पुलिस सुरक्षा के बीच पटेल के घर, कार्यालय और कुछ दुकानों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# मणिपुरः संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में तीन की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को कथित तौर पर संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, यह घटना कोट्जिम और कोटलेन गांवों के बीच उस समय घटी जब थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के सदस्य एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद चुराचांदपुर से लौट रहे थे।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों ने उन दो वाहनों पर गोलीबारी की जिनमें वे यात्रा कर रहे थे। मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन के पूर्व महासचिव रेवरेंड वी. सिटलहो भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अन्य दो मृतकों की पहचान रेवरेंड काइगौलेन और पादरी पाओगौलेन के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने कहा कि तीन घायलों को इलाज के लिए इंफाल के शिजा अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, मैंने उपमुख्यमंत्री लोसी दिखो, गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम, विधायकों और अधिकारियों के साथ घायलों से मुलाकात की और उनका हालचाल लिया। राज्य सरकार घायलों का सभी चिकित्सा खर्च वहन करेगी

# एक साल और सीबीआई प्रमुख रहेंगे सूद राहुल गांधी ने दिया था असहमति नोट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) प्रमुख प्रवीण सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया। यह उनका दूसरा कार्यकाल विस्तार है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सीबीआई निदेश के चयन को लेकर असहमति नोट दिया था।

कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर सूद का कार्यकाल 24 मई, 2026 के बाद एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। सूद ने 25 मई, 2023 को दो साल के कार्यकाल के लिए सीबीआई के निदेशक का पदभार संभाला था। पिछले साल उनका कार्यकाल



एक साल के लिए बढ़ाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की मंगलवार को हुई बैठक के बाद सूद के कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इस समिति में सीजेआई सूर्यकांत और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। बैठक के बाद राहुल गांधी ने चयन प्रकिया को लेकर असहमति का नोट दिया था और कहा था कि वह इस पक्षपातपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होना चाहते।

# बंगाल : भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई कार्रवाई की मंजूरी

- ममता बनर्जी सरकार ने चार साल से नहीं दी थी कार्रवाई की अनुमति

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने स्कूलों और नगर निकायों में भर्तियों से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सीबीआई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगा।

नबान्न स्थित राज्य सचिवालय में प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े चार मामलों में लगभग चार वर्षों से सीबीआई को कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने चार वर्षों से सीबीआई के चार मामलों को रोक रखा था। कानून के अनुसार, सीबीआई या किसी अन्य जांच एजेंसी को भ्रष्टाचार के आरोपी सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने, अभियोजन या कार्रवाई शुरू करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेना आवश्यक है। उन्होंने दावा किया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भ्रष्ट नौकरशाहों और अधिकारियों को बचाने के लिए जानबूझकर अनुमति प्रदान नहीं की थी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, हमने अब तीन विभागों में भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई को मंजूरी दे दी है।

### बहाल की सीबीआई की सामान्य सहमति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार ने बुधवार को सीबीआई को दी जाने वाली सामान्य सहमति बहाल कर दी। इसके साथ ही आठ वर्षों से जारी वह गतिरोध समाप्त हो गया, जब पूर्ववर्ती तृणमूल सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी से यह अनुमति वापस ले ली थी। नावन्ना से इस निर्णय की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाई है और कई मामलों में सीबीआई को लंबित स्वीकृतियां पहले ही प्रदान कर दी गई हैं।

# हिमंत की पत्नी की ओर से दायर मामले में पेश हुए पवन खेड़ा

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा की ओर से दायर मामलों के संबंध में पूछताछ के लिए बुधवार को राज्य पुलिस की अपराध शाखा के समक्ष पेश हुए। यह मामले तब दर्ज किए गए थे, जब खेड़ा ने आरोप लगाया था कि शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। खेड़ा ने अपराध शाखा कार्यालय में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से कहा कि वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। खेड़ा ने कहा कि पूछताछ पूरी होने के बाद वह मीडिया से विस्तार से बात करेंगे। रिंकी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के विभिन्न प्रावधानों के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में खेड़ा और अन्य के खिलाफ आपराधिक शिकायतें दर्ज कराई थीं। कांग्रेस नेता के खिलाफ लगाए गए आरोपों में चुनाव के संबंध में झूठे बयान देना, धोखाधड़ी, जालसाजी, शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना और मानहानि शामिल हैं।



# नंदीग्राम छोड़ेंगे शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने और नंदीग्राम सीट से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों सीटों से जीते हैं। उन्होंने भवानीपुर में पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पराजित किया था। अधिकारी ने बुधवार को विधानसभा में भवानीपुर से विधायक के रूप में शपथ ली। इसके बाद अधिकारी ने कहा कि चूंकि वह दो क्षेत्रों से विधायक नहीं रह सकते, इसलिए उन्हें नंदीग्राम से इस्तीफा देना होगा, लेकिन विधायक पद छोड़ने के बाद भी वह नंदीग्राम के लोगों से किए गए वादों को पूरा करेंगे।

**लंबा मंथन** — केसी वेणुगोपाल, वीडी सतीशन और रमेश चेन्निथला हैं प्रमुख दावेदार, विधायक दल की बैठक में होगा मुख्यमंत्री के नाम का एलान

# आखिर केरल के मुख्यमंत्री का नाम तय, आज होगी घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने 10 दिन के गहन मंथन के बाद केरल के अगले मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला कर लिया है जिसकी घोषणा बृहस्पतिवार को की जाएगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है जिसके बाद नेता के नाम का एलान किया जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर बुधवार को अंतिम दौर की मंत्रणा की। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कांग्रेस विधायक दल ने नेता चुनने के लिए नेतृत्व को अधिकृत किया था। आलाकमान ने चर्चा पूरी कर ली है और फैसले के बारे में कल घोषणा की जाएगी। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे वीडी सतीशन और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी नेता के चयन में सभी लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का पालन करेगी।

चार मई को चुनाव का परिणाम आने के बाद से कांग्रेस में मंत्रणा के कई दौर चले। सात मई को विधायक दल की बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस आलाकमान को अधिकृत किया गया था कि वह नए नेता का चयन करेगा। कांग्रेस नेतृत्व ने आठ मई को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने केरल के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की थी। इस बैठक में वेणुगोपाल, चेन्निथला और सतीशन के अलावा केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख सनी जोसेफ और पार्टी की राज्य प्रभारी दीपा दासमुंशी भी बैठक में शामिल हुईं थीं। इसके बाद 12 मई को राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षों और मौजूदा तीन कार्यकारी अध्यक्षों के साथ अलग-अलग बैठक कर उनकी राय ली थी।



### एन रंगासामी दूसरी बार बने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री, शपथ ग्रहण की

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व कर रहे एनआर कांग्रेस के संस्थापक-अध्यक्ष एन रंगासामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। लगातार दूसरी बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे रंगासामी के साथ भाजपा के एक विधायक ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।



केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल एन कैलाशनाथन ने यहां लोक भवन में आयोजित साधारण शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सहित नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी के साथ भाजपा के विधायक दल के नेता और पूर्व गृह मंत्री ए नमशिवायम और एन आर कांग्रेस के विधायक मल्लाडी कृष्ण राव ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली।

